भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1992

02 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

केरल में आयुष केंद्र

1992. श्री राजमोहन उन्नीथन:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केरल के कासरगोड में किनलूर गांव में आयुष केन्द्र का कार्य शुरू हो गया है और इसके लिए 90 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो परियोजना के निर्माण कार्य में विलंब के क्या कारण हैं;

(ग) क्या उक्त परियोजना आज भी सरकार के विचाराधीन है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या इस परियोजना को शुरू किया जाएगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसे पूरा होने में कितना समय लगेगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या इस परियोजना के कार्यान्वयन में कोई अड़चन है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस परियोजना के लिए अब तक आबंटित की गई निधियों का ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में निधि जारी करने के लिए कितनी धनराशि लंबित है?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (च): वर्तमान में, केरल के कासरगोड के किनालूर गांव में आयुष केंद्र के लिए ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। हालाँकि, व्यय विभाग (डीओई) ने केरल के कासरगोड जिले के वेल्लारिककुंडु तालुक के करिंथलम गांव में केंद्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (सीआरआईवाईएन) की स्थापना के लिए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन दिया है।

*****